हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 नवंबर 2025

12 दिल्ली कार बम विस्फोट के बाद दादरी पुलिस हुई अलर्ट


12 100 में काजल, 200 मीटर में प्रिया व 800 मीटर में सुष्मिता ने मारी बाजी


## खबर संक्षेप

### देशी नस्ल सुधार के लिए शिविर आयोजित

**बाढड़ा।** गांव चांदवास के पशु औषद्यालय में गाय की देशी नस्ल सुधार के लिए जागरुकता व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ पशु चिकित्सक डा. जतिन कुमार ने पशुपालकों को आवश्यक जानकारी सांझा की। गांव चांदवास के राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड द्वारा आयोजित पशुधन प्रोत्साहन शिविर में वरिष्ठ पशु चिकित्सक डा. जतिन कुमार ने कहा कि पशुपालकों को प्रजनन के साथ ही पशु चिकित्सकों के साथ परामर्श कर उचित देखभाल करनी चाहिए तथा सरकार द्वारा पशुपालन को लेकर संयचालित योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

### कार्यशाला में कर्मियों को बताया सांख्यिकी का महत्व

**भिवानी।** लघु सचिवालय स्थित कॉंफेंस हाल में सांख्यिकी विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सांख्यिकी को सुदृढ़ करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अर्थ एवं सांख्यिकीय कार्य विभाग के उपनिदेशक नरेश कुहाड़ और जिला सांख्यिकीय अधिकारी डॉ. भागीरथ कौशिक ने सांख्यिकी के महत्व पर बारीकी से जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न विभागों से पहुंचे कर्मचारियों को बताया गया

### 40 हजार रुपये का फ्रॉड करने के दो आरोपी काबू

**चरखी दादरी।** एसोसिएट प्रोफेसर के खाते से 40 हजार रुपये का ऑनलाइन फ्रॉड करने के मामले में साइबर क्राइम पुलिस दादरी ने दो आरोपी और दबोचे हैं। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि 25 अक्टूबर को गांव मोरवाला निवासी अमरजीत ने पुलिस को दी शिकायत रात उसने गुगल पे से सीम का रिचार्ज किया था, इसके कुछ मिनट के बाद मेरे फोन पर बहुत टेक्स्ट मैसेज प्राप्त हुए, जब उसने पीएनबी वन ऐप से अपने खाता की जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि उसके खाते से 4 बार में 40 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन हो गई।

### मधुमक्खी पालन पर मिल रहा 85 प्रतिशत तक अनुदान

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए सभी श्रेणी के आवेदकों को मधुमक्खी बॉक्स एवं मधुमक्खी कॉलोनिज पर 85 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। मधुमक्खी पालकों को शहर का मार्केट में उचित भाव न मिलने के कारण नुकसान से बचाने व जोखिम खत्म करने के लिए सरकार द्वारा शहद को भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया है। मधुमक्खी पालक समय पर पंजीकरण करवाकर योजना का लाभ उठाएं। उपायुक्त बोले कि लाभ प्राप्त करने के लिए प्रति मधुमक्खी पालक एक हजार बक्सों की अधिकतम सीमा तथा 120 प्रति किलोग्राम शहद का बेस प्राइस निर्धारित किया गया है तथा 30 किलो प्रति बॉक्स के हिसाब से प्रतिवर्ष 30 हजार किलो तक प्रति मधुमक्खी पालक बिक्री सीमा निर्धारित की गई।

## संगठन ने डीपीई व पीटीआई के स्थायीकरण एवं कंफर्मेशन की उठाई मांग

# शारीरिक शिक्षक संगठन ने मांगों को लेकर डीईओ को सौंपा ज्ञापन

*भिवानी में हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पर लगे पीटीआई व डीपीई को एक दिन में रिलीव किया गया, जो गलत है, जिसकी पुनरावृति दोबारा न हो।*

### नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के सभी डीपीई व पीटीआई की लगाई जाए ड्यूटीः सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला शारीरिक शिक्षक संगठन का प्रतिनिधिमंडल संगठन के कार्यकारी जिला प्रधान सुनील कुमार के नेतृत्व में जिले के डीपीई व पीटीआई की विभिन्न मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया से मिला और मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में वर्ष 2020 एवं 2023 में नियुक्त हुए पीटीआई को स्थायीकरण एवं कंफर्मेशन की मांग की गई। वहीं वर्ष 2019 में नियुक्त डीपीई को निदेशालय द्वारा सिफारिश करके उनका स्थायीकरण एवं कंफर्मेशन करवाई करवाने की मांग की। मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा के महानिदेशक के आदेशानुसार जिले के सबसे सीनियर डीपीई एवं पीटीआई को एईओ व एईईओ पद पर नियुक्त करने की मांग की, ताकि खेल गतिविधियां का सुचारू रूप से संचालन हो सकें।

संगठन के कार्यकारी जिला प्रधान सुनील कुमार ने वर्ष 2000 एवं 2004 में नियुक्त हुए पीटीआई की लंबित एसीपी को जल्द से जल्द लगाने, शिक्षा विभाग द्वारा आगामी समय में होने वाले शिक्षक ट्रांसफर ड्राइव में डीपीई एवं पीटीआई की पोस्ट को अलग-अलग खोलने की मांग की ताकि कोई भी डीपीई जिले से बाहर न जाए। वहीं भिवानी में हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पर लगे पीटीआई व डीपीई को एक दिन में रिलीव किया गया, जो गलत है, जिसकी पुनरावृति दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि भिवानी में होने वाली नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के सभी पीटीआई एवं डीपीई की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि प्रतियोगिता का संचालन सही ढंग से हो सकें। मांगपत्र को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि आपकी सभी मांगे उचित हैं और इन पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।


**भिवानी।** डीईओ डॉ. निर्मल दहिया को ज्ञापन सौंपता जिला शारीरिक शिक्षक संगठन का प्रतिनिधिमंडल।


**भिवानी।** मांगों को लेकर मंत्री से मुलाकात करते संघ के सदस्य।

## विभिन्न मांगों को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

- शिक्षा मंत्री ने सेवा नियमावली-2012 में संशोधन का दिया आश्वासन : जिला सचिव सुमेर आर्य

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के सात सदसीय प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में एसीएस विनीत गर्ग और मौलिक शिक्षा निदेशक विवेक अग्रवाल की उपस्थिति में 8 नवंबर के पानीपत प्रदर्शन के बाद हुई समस्याओं पर वार्ता हुई। प्रतिनिधिमंडल में प्रधान प्रभु सिंह, महासचिव रामपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष संजीव सिंगला, वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह, उपमहासचिव कृष्ण नैन, सुखदर्शन सरोहा एवं सतनारायण यादव शामिल रहे। इस बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला सचिव सुमेर आर्य ने बताया कि बैठक में जेबीटी के 2012 के सेवा नियमावली में संशोधन, छुट्टियों में लगे प्रशिक्षण शिविरों के बदले प्रतिपूर्ति अवकाश (कंपनसेंटरी लीव) का पत्र मौके पर ही जारी कर दिया गया। अधूरे मामलों को छोडक़र पूरे दस्तावेजों वाले सभी एसीपी और मेडिकल मामलों के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया गया। सी एंड वी तथा जेबीटी शिक्षकों के अंतर-जिला ट्रांसफर और सभी केटेगरी के ट्रांसफर 31 मार्च से पहले करने का आश्वासन दिया गया। सभी वर्गों के तबादले एक अप्रैल से प्रभावी होंगे। मॉडल संस्कृति एवं पीएम श्री स्कूलों में तबादले हेतु ली गई परीक्षा का परिणाम 15 दिन में जारी करने का आश्वासन दिया गया। सीएंडवी शिक्षकों के एसीपी व अन्य लाभों हेतु अधिकार जिला स्तर पर 10-15 दिन में हस्तांतरित किए जाने की बात कही गई। ईएसएचएम से हाई स्कूल मुख्याध्यापक पदोन्नति हेतु वरिष्ठता सूची तैयार करने की पुष्टि निदेशक महोदय ने की। सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए सरकार को आज ही पत्र भेजने का आश्वासन दिया गया। शून्य छात्र संख्या वाले विद्यालयों को छोडक़र कोई भी स्कूल बंद न करने का आश्वासन दिया गया। मॉडल स्कूलों में आगामी सत्र से हिंदी माध्यम में दाखिलों का आश्वासन भी दिया गया। सिरसा और गुरुग्राम जिलों के मेडिकल रिइम्बर्समेंट मामलों का पायलट प्रोजेक्ट ऑनलाइन शुरू किया गया था, जो काम नहीं कर रहा था; उन्हें ऑफलाइन भेजने का पत्र आज जारी कर दिया गया है। शिक्षा की गुणवत्ता व विस्तार के प्रश्न पर सीबीएसई से एफिलिएशन हटाकर भिवानी बोर्ड से जोडने तथा सीबीएसई की फीस सरकार द्वारा भरने से स्पष्ट रूप से मना किया गया। शहरों की बाहरी बस्तियों में नए विद्यालय खोलने पर कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया। मौलिक मुख्याध्यापक से पीजीटी पदोन्नति से मना किया गया। अनियमित शिक्षकों की किसी भी श्रेणी को नियमित करने से इंकार किया गया। तबादला नीति का ड्राफ्ट शीघ्र जारी किया जाएगा। शेष मांगपत्र को अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं निदेशक को शीघ्र बैठक कर हल करने को कहा है। अंत में, जिन मुद्दों को हल करने पर सहमति नहीं बनी उन पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ का विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा, जिस बारे आगामी बैठक में निर्णय लेकर घोषणा की जाएगी।


**भिवानी।** कृषि विज्ञान केंद्र में उपस्थित किसान।

# भाकिसं ने जलभराव, एमएसपी और बकाया ट्यूबवेल कनेक्शन पर सरकार को घेरा

- दक्षिण हरियाणा की मुख्य फसल होने के बावजूद भी ग्वार को नहीं लिया एमएसपी के दायरे में
- सरकार कौरी घोषणाएं कर किसानों की फसलों को खरीदने में कर रही है आनाकानी
- गेहूं के महंगे बीज पर किसानों को सब्सिडी दी सरकार : तालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय किसान संघ (भाकिसं) ने मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित अपनी महत्वपूर्ण बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की किसान नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए। बैठक की अध्यक्षता भाकिसं जिला अध्यक्ष अजमेर तालु और जिला मंत्री जयप्रकाश बराला ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेंद्र और प्रांत मंत्री व बिजली आयाम प्रमुख महिपाल बड़दू की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में किसानों ने अपनी ज्वलंत समस्याओं को सामने रखा, जिसमें मुख्य रूप से बवानीखेड़ा क्षेत्र में गंभीर जलभराव की समस्या, दक्षिण हरियाणा की मुख्य फसल ग्वार को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर न खरीदना और वर्ष 2018 से लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन का मुद्दा शामिल रहा।

इस मौके पर भाकिसं के जिला मंत्री जयप्रकाश बराला ने बताया कि दक्षिण हरियाणा में ग्वार एक प्रमुख फसल है, लेकिन इसे एमएसपी के दायरे में नहीं लिया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने केवल कौरी घोषणा की और फिर खरीद से मना कर दिया।

### सरकार किसानों के लिए गंभी नहीं

बराला ने यह भी बताया कि वर्ष 2018 से बकाया ट्यूबवेल कनेक्शन किसानों को अभी तक नहीं दिए गए हैं, जबकि किसानों ने इसके लिए पूरा पैसा पहले ही जमा करा दिया है। इस मौके पर कुलदीप महला ने खाद और बीज की कालाबाजारी पर प्रभावी रोक न लगने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार का यह रवैया दर्शाता है कि वह किसानों के हितों के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि बैठक का एक मुख्य विषय खेतों में बाढ़ से भरे पानी के कारण किसानों के रास्ते और नालियों का क्षतिग्रस्त होना रहा। भाकिसं ने प्रशासन से इनकी जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। पराली जलाने के मुद्दे पर भाकिसं ने सरकार के रवैये को किसानों के साथ मजाक बताया। संघ ने मांग की थी कि पराली न जलाने पर एक हजार रूपये से बढ़ाकर 1500 प्रति एकड़ का प्रोत्साहन राशि दी जाए, लेकिन सरकार ने केवल 1200 करके किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इसके अलावा गेहूं के महंगे बीज पर किसानों को सब्सिडी देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई, ताकि छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम किया जा सके।

### समस्याएं लगातार बढ़ रही

जिला अध्यक्ष अजमेर तालु ने कहा कि किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं और सरकार केवल आश्वासनों तक ही सीमित है। यदि इन गंभीर मुद्दों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की तो भारतीय किसान संघ किसानों के हक के लिए व्यापक आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

# बदलते मौसम में बीमारियों की रोकथाम को लेकर चिकित्सकों को दिए दिशा निर्देश

## सीएमओ बोलेः हर कार्य को ईमानदारी से करेंः सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अभी दिवाली पर्व पर फैले प्रदूषण से लोगों को छुटकारा मिला भी नहीं है,लेकिन मौसम के बदलते मिजाज की वजह से लोगों को अनेक बीमारियों ने पकड़ना आरंभ कर दिया। बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए सीएमओ डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने चिकित्सकों को दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि मीठी ठंड में ज्यादा बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। इसके लिए सावधानी बरतने व लोगों को सर्तक रहने के प्रति जागरूक करें। साथ ही अस्पताल व अन्य जगहों पर मरीजों को ठंड से बचाने के लिए पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। फिलहाल ऐहतिहात बरत कर ही खुद व दूसरों को सर्दी में फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाया जा सकता है।

### क्या कहते है चिकित्सक

उप सीएमओ डॉ. सुमन विश्वकर्मा ने बताया कि यह मौसम सबसे ज्यादा श्वास के रोगियों के लिए नुकसान दायक है। साथ क्षय रोगियों को सावधानी बरतने की जरूरत है। क्योंकि इस मौसम में इस तरह के रोगियों को श्वास लेने में दिक्क्त होती है। उनको इस मौसम में कम से कम बाहर निकलना चाहिए। उन्होंने बताया कि अगर जरूरत पड़े तो मुंह पर मास्क लगाकर निकले। साथ ही चिकित्सकों की सलाह पर दवा का सेवन करें।

### क्या कहते है सीएमओ

सीएमओ रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि इस समय एक्यूआई बेहद ज्यादा है। रेड लाइन को पार करने को आतूर है। ऐसे में हमे कूड़ा व कचरा नहीं जलाना चाहिए। ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए। जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो। साथ ही उन्होंने सबसे ज्यादा इस मौसम में श्वास के रोगियों को सावधानी बरतनी चाहिए। वे कम से कम बाहर निकले और अगर ज्यादा जरूरत हो तो वे मुंह पर मास्क लगा कर निकले। जिस इलाके में ज्यादा रेत व धूल उड़ रही है। उस इलाके में पानी का छिडकाव किया जाए। ताकि धूल से प्रदूषित होने वाले पर्यावरण को बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस समय मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। कभी ठंड तो कभी गर्मी हो रही है।

# बीकानेर से सोनीपत तक डलने वाली बिजली लाइन से प्रभावित किसानों को कोई भी नुकसान न हो

- एसडीएम महेश कुमार ने पावर ग्रिड के अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| भिवानी

बीकानेर से सोनीपत तक डाली जाने वाली 400 केवी बिजली लाइन को लेकर एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता की लघु सचिवालय परिसर में पॉवर ग्रिड अधिकारियों, अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल, गांव धनाना, मंढाणा तथा बडेसरा के किसानों के साथ की संयुक्त रूप से बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम ने पॉवर ग्रिड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में लाइन से प्रभावित किसानों को किसी भी तरह से कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाया जाए।


**भिवानी।** किसानों के साथ बैठक करते एसडीएम।

### 400 केवी लाइन जानकारी की दी जानकारी

एसडीएम ने अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधि कामरेड ओमप्रकाश व डॉ. बलबीर सिंह ठाकन तथा धनाना, मंढाणा तथा बडेसरा के किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि बीकानेर से सोनीपत तक 400 केवी की बिजली लाइन डाली जा रही है, जो कि जिला के विभिन्न गांवों से होकर गुजरेगी। उन्होंने कहा कि लाइन डालने के कार्य की अभी शुरुआत है, जिसकी जानकारी संबंधित किसान को होनी जरूरी है। वहीं दूसरी ओर किसान सभा के प्रतिनिधि कामरेड ओमप्रकाश व डॉ. बलबीर सिंह ठाकन ने कहा कि उन्होंने पावर ग्रिड के अधिकारियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाइन को इस तरह से डाला जाए कि खेतों से पहले से बनी ढाणी या मकान प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा मिलना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कि टावर लगाने से पहले खेत के मालिक को उसको मिलने वाले मुआवजे व टॉवर लगाने वाली जगह की जानकारी देनी जरूरी है।

### टावर से पहले जानकारी

किसान की जानकारी दिए बिना टावर नही लगना चहिए। वहीं बैठक में मौजूद किसानों ने मांग रखते हुए कहा कि टावर के साथ-साथ लाईन के नीचे आने वाली जमीन का मुआवजा भी कम नहीं मिलना चाहिए, इसके लिए जमीन के अधिक से अधिक तय करवाए जाएं। इस पर एसडीएम ने पावर ग्रिड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इंसान बड़ी मुश्किल से एक बार मकान बना पाता है, ऐसे में पावर लाईन के रूट का ध्यान रखा जाए कि किसान के मकान या खेतों की बनी ढाणियां इससे प्रभावित न हों। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन किसानों के खेतों से पॉवर लाइन डाली जाएगी, उनको पूरी जानकारी दी जाए। वहीं पॉवर ग्रिड के अधिकारी सतेंद्र शर्मा ने बताया कि यह भारत सरकार का प्रोजेक्ट है, जो प्रथम चरण में है।

# कार्यालय के सामने सीवरेज का जमा है गंदा पानी

## स्टाफ सहित वार्डवासियों का करना पड़ता है समस्याओं का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने मार्ग पर सीवरेज का गंदा जमा पानी।

बवानी खेड़ा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने मार्ग पर सीवरेज का गंदा पानी जमा है। एक तरफ विद्यालय के विद्यार्थियों, स्टाफ व कार्यालय के स्टाफ को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तो वहीं इस मार्ग से वार्ड 12,13 व अन्य वार्डवासियों को समस्याएं होती है। लोगों की मानें तो प्रशासन को समस्त जानकारी होने पश्चात भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है जिसको लेकर सभी परेशान नजर आ रहे हैं।

लोगों में सतीश कुमार, महेश कुमार, अनिल कुमार, सुशील, हेमलता, भीम आदि ने बताया कि ये मार्ग रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शहर के विभिन्न मार्गों को आपस में जोड़ता है। सीवरेज के ढ़क्कन से गंदा पानी निकलकर मार्ग व घरों के सामने जमा है और इसकी बदबू से घरों में बैठना दुभर हो रहा है तो आने जाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

लोगों ने बताया कि नपा वार्ड पार्षद के घर के सामने गंदगी से काम करवाने के लिए आने जाने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से गुहार लगाई। वहीं नपा पार्षद ने भी इस समस्या के समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

### क्या कहते है अधिकारी

इस बारे में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ट अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि सीवरेज की समस्या का समाधान किया जाएगा ताकि किसी को कोई परेशानी न हो।

## एक्यूआई पहुंचा रेड बार्डर पर, आंखों में जलन से लोग हुए परेशान

# प्रदूषण के आगे धूप हुई बेबस, आसमान में छाया रहा धूल का गुब्बार

- फिलहाल एक्यूआई 204 के स्तर को पार कर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



सेहत के लिए मौसम व पर्यावरण अनुकूल नहीं है। दिवाली के बाद से ही वातावरण में अनेक तरह की गैसे घुल गई। जिससे पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ साथ एक्यूआई को भी पंख लग गए। हालांकि अभी एक्यूआई का लेवल नियंत्रण में है,लेकिन अगर यही स्थिति रही तो कुछ ही दिनों में एक्यूआई रेड जोन को पार करते देर नहीं लगाएगा।

फिलहाल एक्यूआई 204 के स्तर को पार कर गया। जिस वजह से लोगों की आंखों में जलन होने लगी। श्वास रोगियों को सांस में लेने में दिक्कतें होनी शुरू हो गई। वहीं एक्यूआई बढने व आसमान में धूल व अन्य गैसों का गुब्बार छाने की वजह से पूरे दिन धूप की चमक भी धीमी ही नजर आई। दिनभर चुभने वाली धूप से बचने की बजाए धूप सेकतें नजर आए। साथ ही पारा भी नीचे लूढकने लगा है। लोगों को ठंड का अहसास भी होना शुरू हो गया है।

उल्लेखनीय है कि दिवाली से पहले एक्यूआई 150 के आसपास चल रहा था। दिवाली पर्व से पहले ही एक्यूआई ने छलांग लगानी आरंभ कर दी थी।

क्योंकि दिवाली पर्व से पहले छोड़े जा रहे पटाखों से पर्यावरण में धूंआ घुलने लगा। दिवाली पर्व पर जमकर लोगों ने आतिशबाजी की तो एक्यूआई बढ कर मंगलवार को पौने तीन सौ के पार पहुंच गया। बुधवार को यह आंकड़ा 300 को पार करके रेड जोन में प्रवेश कर गया। रेड जोन में प्रवेश करते ही लोगों की समस्याएं बढने लगी। लोगों की आंखों में जलन, श्वास लेने में परेशानी भी शुरू हो गई।

बीच में कई जगहों पर हलकी बूंदाबांदी व बारिश की वजह से एक्यूआई थोड़ा सा नियंत्रण में जरूर आया था,लेकिन पिछले दो दिनों से एक्यूआई रेड लाइन की तरफ बढने लगा है। जिस वजह से लोगों को अनेक तरह की समस्याएं होनी शुरू हो गई है।

### आंखों में जलन से हो रहे है लोग परेशान

एकदम पर्यावरण प्रदूषित होने की वजह से लोग परेशान होने लगे है। खासकर लोगों को आंखों में जलन की सबसे ज्यादा समस्या हो रही है। इस वक्त जो भी व्यक्ति घुमने या अन्य किसी कार्य के लिए बाहर निकलता है तो उसको आंखों में जलन की शिकायत हो रही है। क्योंकि पर्यावरण में अनेक तरह की गैसे घुली हुई है। जिनका सीधा असर आंखो पर पड़ रहा है।



# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

लाइफ Style


# नोरा

## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

नोरा फतेही अपने बेरतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।




हॉलीवुड मसाला



# कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



# वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्सः स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



# एसएसएमबी-29 का पहना गाना रिलीज


**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



# प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



# आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

## इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।



इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

# सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।


### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन





**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

## हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी

*नई दिल्ली। अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। होरी की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।



## राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की घटना के मद्देनजर महेंद्रगढ़ पुलिस अलर्ट मोड़ पर

# कुछ को छोड़कर, किराये पर मकान में रहने वालों की जिला में नहीं है पुलिस वैरिफिकेशन

**बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, लघु सचिवालय सहित मुख्य बाजारों में पुलिस की तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

दिल्ली लालकिला के पास कार में हुए धमाके के बाद हरियाणा भी अलर्ट मोड़ पर है। महेंद्रगढ़ जिला की बात करें तो घटना के बाद रात से ही पुलिस भीड़ भाड़ वाले एरिया में पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई थी। जिला में कुछ को छोड़ दें तो किराये पर मकान में रहने वाले अधिकांश लोगों ने पुलिस वैरिफकेशन नहीं करवाया है। जिला में ऐसी कई जगह है, जहां झुग्गी झोपड़ी या ईंट भट्ठे पर प्रवासी रह रहे है। पुलिस इनका वैरिफकेशन ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह से करती है। ऑनलाइन में इस साल अब तक महज 53 मामले पुलिस वैरिफकेशन के लिए आए है। ऑफ लाइन का रिकॉर्ड हर थाना में अलग–अलग है। ऐसे में मकान मालिकों को भी अपने ऊपर भविष्य में आने वाली मुसीबतों से बचने के लिए किराये पर रहने वाले लोगों का पुलिस वैरिफकेशन करवा लेना चाहिए। पुलिस को भी इस मामले में अभियान चलाने की जरूरत है।



नारनौल। नांगल चौधरी क्षेत्र में वैरिफिकेशन करने पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### नांगल चौधरी में चलाया सर्च अभियान बाहरी श्रमिकों के पहचान पत्र जांचे

नांगल चौधरी पुलिस ने मंगलवार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ियों और संदिग्ध स्थानों पर व्यापक स्तर पर जांच की गई। पुलिस की टीमों ने अलग–अलग झुग्गी-झोपड़ियों में प्रवेश कर सघन सर्च अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने वहां रह रहे बाहरी श्रमिकों से उनकी विस्तृत जानकारी ली और उनके पहचान पत्रों की बारीकी से जांच की। थाना प्रभारी निरीक्षक भगत सिंह ने इस संबंध में बताया कि यह पूरा अभियान सुरक्षा की दृष्टि से चलाया गया है।

### राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की घटना के बाद अलर्ट मोड पर पुलिस

*राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार शाम लालकिले के पास एक कार में हुए धमाके की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। जिले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तुरंत प्रभाव से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और कमांडो व डॉग स्क्वायड की टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।*

### किरायेदार की इस तरह करवाएं पुलिस वेरिफिकेशन

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार के मुताबिक किरायेदार का पुलिस वेरिफिकेशन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से किया जा सकता है। दोनों ही मामलों में किरायेदार सत्यापन फॉर्म भरना होता है और सभी जरूरी दस्तावेज जमा कराने होते हैं।

*ऑनलाइन :* ऑनलाइन पुलिस वेरिफिकेशन के लिए सबसे पहले किरायेदार के संबंधित राज्य के पुलिस विभाग ऑनलाइन पोर्टल पर जाएं और सिटीजन सर्विसेज में किरायेदार सत्यापन फॉर्म भरकर जरूरी दस्तावेज अपलोड कर अप्लाई करें। इसके लिए हर समय पोर्टल पर सिटीजन सर्विसेज में जाएं, वहां पर टेनेंट वेरिफिकेशन का ऑप्शन मिलेगा या जनरल वेरिफिकेशन में टेनेंट वेरिफिकेशन का ऑप्शन मिलेगा। इसमें मांगी गई डिटेल्स भरकर और आवश्यक कागजात अपलोड कर अप्लाई करें।

*ऑफलाइन :* ऑफलाइन पुलिस वेरिफिकेशन के लिए मकान मालिक अपने संबंधित थाना में जाकर किरायेदार सत्यापन फॉर्म भरकर आवश्यक जानकारी थाना में उपलब्ध कराएं। दोनो तरीकों में वेरिफिकेशन फॉर्म के साथ किरायेदार और मकान मालिक का पहचान प्रमाण पत्र, रेंट एग्रीमेंट और फोटो आदि जरूरी कागजात जमा करने होते हैं। किरायेदार का वेरिफिकेशन कराने से उसके आपराधिक रिकॉर्ड का पता चलता है। इससे मकान मालिक को किसी भी तरह की धोखाधड़ी या नुकसान से बचने में मदद मिलती है।

## खबर संक्षेप



नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

### यतिन, हिमांशु व रोहित ने जीते पदक

**नारनौल।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में खिलाड़ी सेना खेल फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शहरी भारती पब्लिक स्कूल नूनी अव्वल वार्ड के विद्यार्थी यतिन पुत्र लक्ष्मण सिंह, हिमांशु पुत्र बलबीर सिंह व रोहित पुत्र संजय कुमार ने अलग-अलग ग्रुप में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया है। खुशी के अवसर पर चेयरमैन हजारीलाल ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया व उनको जीवन में इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



नारनौल। शिविर में रक्तदान करते हुए।

### शिविर में 22 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**नारनौल।** बाबा निहालचंद सेवादल पटीकरा व गोसेवा उपचारशाला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रेडक्रॉस सोसायटी में 10वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और कुल 22 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि आईटीआई के प्राचार्य विनोद खानगवाल रहे। संस्था के प्रवक्ता संदीप राव ने बताया कि शिविर में विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं व ग्रामीण युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर नितिश, अनिल, संदीप, मुकुल, आदर्श, निशांत आदि मौजूद थे।

## गांवों के अभिनंदन कार्यक्रमों से उत्साहित दिखे बिरेंद्र सिंह व बृजेंद्र सिंह

# सद्भाव यात्रा में विधायक समेत हुड्डा गुट ने बनाई दूरी

- पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, रिटायर्ड आईएएस विनय यादव, चंद्रप्रकाश एडवोकेट ने सद्भाव यात्रा का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

प्रदेश की 14 विधानसभा में सद्भाव यात्रा पूरी करके नांगल चौधरी हलके में प्रवेश किया। रायमलिकपुर से आरंभ हुई यात्रा में प्रत्येक गांव के बस स्टैंड पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का स्वागत किया। इस दौरान बृजेंद्र सिंह ने पार्टी में गुटबाजी होने के सवालों को सिरे से खारिज कर दिया। कहा कि संगठन के अभाव में वर्करों ने नेताओं से संपर्क साध लिया, जिसे गुटबाजी का नाम दे दिया गया। अब संगठन बन चुका है और पार्टी मजबूत होने लगी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समुद्र पार्टी है, जिसमें विभिन्न विचारधारा के नेताओं में मतभेद होना स्वभाविक है, लेकिन पार्टी के प्लेटफार्म पर सभी नेता एकजुट हैं और मजबूती के लिए काम कर रहे हैं।

रायलिकपुर बार्डर पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बिरेंद्र सिंह व उनके पुत्र पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का अभिनंदन किया गया। इसके बाद सैकड़ों वर्करों के काफिले में यात्रा बुढ़वाल गांव के बस स्टैंड पर पहुंची। नायन, कालबा तक भीड़ का ग्राफ बढ़ता रहा। इस दौरान बृजेंद्र सिंह ने कहा कि यह यात्रा पार्टी के प्रोटाकॉल पर है तथा वर्करों को जागृत करना मकसद है। पहले पार्टी के पास संगठन नहीं था (जिस कारण कार्यकर्ताओं ने नेताओं से संपर्क बनाना आरंभ कर दिया। इसी प्रक्रिया को गुटबाजी का नाम दे दिया गया, लेकिन अब प्रदेश व जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी तथा जल्द ही ब्लॉक कार्यकारिणी गठित हो जाएगी। भाजपा ने विभिन्न समाज में फूट डालकर शासन किया है। जिससे जनता में भय और भ्रष्टाचार बढ़ा है। भाजपा ने चुनावों की पारदर्शिता को खत्म करके लोकतंत्र की मजाक उड़ाई है, जिससे आमजन आक्रोशित और चिंतित हैं।



नांगल चौधरी। पंचायत समिति के प्रांगण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पण करते पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### विधायक अनुपस्थित रही, लेकिन जिला प्रधान रहे साथ

सद्भाव यात्रा में नांगल चौधरी हलके से पार्टी की विधायक मंजू चौधरी नहीं पहुंची, लेकिन महिला जिला प्रधान डा. राजवंती यादव व जिला प्रधान सतबीर झुकिया साथ रहे। उन्होंने कहा कि संगठन पूरी तरह यात्रा को समर्थन कर रहा है। जिससे पार्टी की मजबूती होगी और वर्करों का उत्साह बढ़ेगा। हुड्डा गुट के सभी वर्करों को यात्रा में सम्मलित होने का निमंत्रण आयोजक की तरफ से दिया गया था। बावजूद उनकी अनुपस्थिति से पार्टी की एकजुटता पर सवाल बने हुए हैं।

### इन नेताओं ने यात्रा में शामिल होकर समर्थन का दिया भरोसा

पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, पूर्व मंत्री कैलाशचंद शर्मा, रिटायर्ड आईएएस विनय सिंह, चंद्रप्रकाश एडवोकेट समेत 15 से अधिक नेताओं ने सद्भाव यात्रा का समर्थन और अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि बृजेंद्र सिंह ऊर्जावान होने के साथ दूरगामी सोच से ओतप्रोत हैं। जिन्होंने संगठन और पार्टी को संगठित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में 36 बिरादरी का हितों की सुरक्षा संभव होती है।

### 25 लाख वोटों की चोरी करके भाजपा ने बनाई सरकार

बृजेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र प्रणाली को खत्म करने की ठान रखी है। 25 लाख वोटों की चोरी करके प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाई है। इसके अलावा महाराष्ट्र, एमपी व अन्य प्रदेशों में भी वोट चोर सरकार का उदय हुआ है। जनता को भाजपा की संविधान विरोधी नीतियों से अवगत कराया जा रहा है, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

### 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में भव्य नगर कीर्तन होगा

**नारनौल।** हिद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार व हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से आयोजित होने वाली शहीदी नगर कीर्तन अब 14 नवंबर की बजाय 16 नवंबर को नारनौल पहुंचेगी। जिले में आगमन पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सरकार ने यात्रा के कार्यक्रम में अब थोड़ा बदलाव किया है। सभी संबंधित विभागों को इस ऐतिहासिक आयोजन को गरिमामय व प्रभावशाली बनाने के लिए युद्धस्तर पर जुट जाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से आयोजित ये यात्राएं महान गुरु साहिब के शांति, बलिदान और सांप्रदायिक सद्भाव के शाश्वत संदेश को जन जन तक पहुंचाएंगी। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से चलने वाली ये यात्राएं 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाले भव्य समागम के साथ संपन्न होंगी। उन्होंने बताया कि नगर कीर्तन के नारनौल पहुंचने पर स्थानीय गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों और समूह संगत द्वारा एक शहीदी नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

## शूरसेनी जयंती को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि

महाराजा शूरसेनी जयंती के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार यादव धर्मशाला में जिला भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ यतेंद्र राव ने की। यह कार्यक्रम नई अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा और प्रदेश भर से इसमें एक लाख लोगों के आने की उम्मीद है। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि महाराजा शूरसेनी जयंती समाज की गौरवमयी परंपरा का प्रतीक है। विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि यह जिले का सौभाग्य है कि इस कार्यक्रम की मेजबानी का अवसर मिला है।



नारनौल। बैठक में मौजूद भाजपा नेता।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधायक सीताराम यादव, गोविंद भारद्वाज, राकेश शर्मा, अजीत सिंह, संदीप यादव, कमलेश सैनी, बाबूलाल यादव, भागीरथ मल, रमाशंकर, डॉ. रिम्पी, किशनलाल सैनी, योगेश शास्त्री, देवेंद्र यादव, सुधीर दीवान, सरला यादव, धर्मसिंह छाबड़ा, शिवरतन, वासुदेव यादव, महिपाल यादव, मनीष मित्तल, मनीष संघी, सपना गुप्ता, मंजीत यादव, नवीन शर्मा, आलोक शर्मा, नरेंद्र यादव, पवन देव, सरोज बाला आदि मौजूद थे।

### डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों को दी नैतिक मूल्यों की शिक्षा

**नारनौल।** राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज प्रचारक कैप्टन जगराम आर्य व विनोद आर्य ने बच्चों को नैतिक मूल्यों से संबंधित शिक्षा प्रदान की। इस अवसर पर कैप्टन जगराम आर्य ने बच्चों को आर्य समाज के महत्व के बारे में समझाया तथा जीवन में नित्य हवन व मंत्रोच्चार की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने स्त्री शिक्षा व समाज में स्त्री के महत्व के बारे में स्वामी दयानंद के विचारों से बच्चों को अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को बुराइयों से दूर रहकर सत्य व सदाचार को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी तथा प्राणायाम के महत्व को भी समझाया। विनोद आर्य ने भजन के माध्यम से वेदों की महिमा का बखान किया तथा जीवन में दुर्गुणों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य राजेश कुमार ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए जगराम आर्य व विनोद आर्य का धन्यवाद किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा मनुष्य को अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाती है। शिक्षा मनुष्य को संस्कार सिखाती है और संस्कार मनुष्य को मनुष्य बनाते हैं। अतः हमें अपने जीवन में शिक्षा के साथ संस्कारों को भी सीखना चाहिए।



नारनौल। परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### श्रीकृष्ण स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनीयर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता में सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए युवाओं को अपने देश के बारे में ज्ञान प्रदान करना है। इस तरह की प्रतियोगिता में लगभग छह हजार विद्यालयों के करीब 12 लाख विद्यार्थी भाग लेते हैं। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। कनिष्ठ वर्ग कक्षा छह से आठवीं तथा वरिष्ठ वर्ग कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए। श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में यह स्कूल स्तर पर लिखित परीक्षा ली गई। जिसमें दोनों वर्गों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दो बच्चों की टीम बनाई जागी। इसके बाद शाखा स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन होगा। शाखा स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम क्षेत्र स्तर और फिर भारतीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेगी। स्कूल प्राचार्य वेदपाल यादव ने प्रतियोगिता के लिए शाखा सदस्य नरेश गोगिया, कविन्द्र सचदेवा, मुकेश जैन, नवीन गुप्ता व डॉ. शिवकुमार यादव का आभार जताया। विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने बताया कि भारत विकास परिषद की ओर से इस तरह की प्रतियोगितां करवाने से देश व समाज के लिए सकारात्मक भूमिका अदा करती है।



महेंद्रगढ़। बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बीएनडी स्कूल के एमडी ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया बेटे का जन्मदिन

**महेंद्रगढ़।** बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोदड़ा के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित कुमार यादव एवं उनकी पत्नी पूनम यादव ने अपने पुत्र जयन यादव का चौथा जन्मदिन एक अनोखे अंदाज में मनाया। उन्होंने झुग्गी पाठशाला पहुंचकर जरूरतमंद बच्चों को गर्म वस्त्र, पाठ्य सामग्री, फल, बिस्किट आदि वितरित किए तथा बच्चों के साथ मिलकर अपनी खुशी सांझा की। जयन के दादा विजय पाल यादव ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी खुशियां मनाने का अधिकार है और जब हम अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटते हैं तो उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। मैनेजिंग डायरेक्टर अमित कुमार यादव ने कहा कि सामान्य परिवार की बेटी दिव्या तंवर ने आईएएस बनकर यह साबित किया है कि प्रतिभा किसी बंधन में नहीं बंधती, वह हर सीमा को पार कर इतिहास रच सकती है। उन्होंने कहा कि प्रयास संस्था शिक्षा के माध्यम से आप सभी को आगे बढ़ाने में मदद कर रही है। यदि आप मन लगाकर मेहनत करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने लायक था। इस अवसर पर मनोज मेघनवास, राकेश खातोदडा एवं दीपक उपस्थित रहे।

## पंडित रमाशंकर आंतरी ने चेयरमैन व राधेश्याम सैनी ने किया वाइस चेयरमैन का पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी अनाज मंडी मंगलवार को सियासी व सामाजिक हलचल का केंद्र बनी रही, जब मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन पंडित रमाशंकर आंतरी वाले व वाइस चेयरमैन राधेश्याम सैनी ने विधिवत रूप से अपना पदभार संभाला। इस अवसर पर अधिकांश नवनियुक्त सदस्य भी मौजूद रहे। समारोह में पद की गरिमा, जवाबदेही व सार्वजनिक हित के प्रति समर्पण की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने पुराने व निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान करना जानती है। आज इस नियुक्ति से यह साबित हो गया कि एक साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और निष्ठा से ऊंचे मुकाम तक पहुंच सकता है। डॉ. अभय सिंह ने कहा कि 2014 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के उपरांत नांगल चौधरी अनाज मंडी में विकास के अनेक काम हुए हैं और अब यह मंडी एक विकसित मंडी बन चुकी है। उन्होंने अधिकारियों व व्यापारियों से आग्रह किया कि सभी व्यवस्थाएं नियमानुसार सुचारु रूप से स्थापित की जाए तथा किसानों के हित में सभी संभव प्रयास किए जाए।

किसानों के लिए आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध करने के लिए मार्केट कमेटी के सचिव मुकुल यादव से उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कहा। पूर्व मंत्री ने कहा कि मंडी की प्रगति, पारदर्शिता और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। चेयरमैन पद संभालते ही पंडित रमाशंकर आंतरी वाले ने कहा कि कमेटी का हर निर्णय किसानों, व्यापारियों व आम नागरिकों के हितों को प्राथमिकता देगा। भरोसा दिलाया कि मंडी की व्यवस्था में सुधार, साफ-सफाई, पारदर्शी नीलामी और सुविधाओं के विस्तार पर तेजी से काम शुरू किया जाएगा। वाइस चेयरमैन राधेश्याम सैनी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। मंडी के विकास के लिए वह किसानों के हित में चेयरमैन के साथ सहयोग के साथ काम करेंगे।



नारनौल। पदभार ग्रहण करवाते पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर गौड़ परिषद् के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, सुभाष शर्मा, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि रमेश सैनी, उप चेयरमैन मुकेश शर्मा, पार्षद निहाल सिंह, पार्षद रमेश मीणा, शिवकुमार शर्मा, ताराचंद शर्मा, सैनी सभा के प्रधान बलबीर सैनी, डॉ. केके शर्मा, बजरंग जोशी, सूबेदार जयसिंह, सरजीत बूढ़वाल, रतन सिंह पूर्व सरपंच नारेड़ी, सुनील डांगी, अंजनी शास्त्री, जिला पार्षद प्रदीप शर्मा, धोला पहलवान, रोहतास बीगोपुर, हवासिंह कसाना, हंसराज बिहारीपुर, सुरिंदर दताल आदि मौजूद थे।

### 17 से 22 तक चलेगा विशेष सर्जिकल ऑपरेशन अभियान

**नारनौल।** आयुष्मान भारत योजना के तहत अब पात्र कार्ड धारक मरीजों के मुफ्त सर्जिकल ऑपरेशन भी करवाएं जाएंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 17 से 22 नवम्बर तक विशेष सर्जिकल अभियान चलाने की तैयारी पूरी कर ली है। यह जानकारी देते हुए उप सिविल सर्जन एंव जिला नोडल अधिकारी डॉ. मनीष यादव ने बताया कि अभियान के दौरान जिला नागरिक अस्पताल में नेत्र रोग, सिजेरियन, महिला रोग, हड्डी रोग, उदर रोग व नागरिक अस्पताल महेन्द्रगढ़ सिजेरियन, जनरल सर्जरी के ऑपरेशन किए जाएंगे। सभी अस्पताल प्रभारी एएमओ व एसएमओ को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे विस्तृत जन जागरूकता अभियान चलाकर मरीजों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ उप सिविल सर्जन व जिला नोडल अधिकारी डॉ. मनीष यादव ने आमजन से अपील की है कि उक्त योजना का लाभ लेने के लिए सभी मरीज अपने साथ अपने इलाज से सम्बन्धित पुराने दस्तावेज, जांच रिपोर्ट, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड लेकर आएं, ताकि उक्त योजना का लाभ तुरन्त मिल सके।

### पूर्व सीपीएस ने जताया भोलाराम के निधन पर शोक



**नारनौल।** बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान यशवंत यादव के चाचा एवं रामपुरा गांव के पूर्व सरपंच भोलाराम के निधन पर उनके आवास पर पूर्व संसदीय सचिव राव दानसिंह पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय भोलाराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राव दानसिंह ने कहा कि भोलाराम बहुत मिलनसार व धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में मानव भलाई और समाज उत्थान के लिए कार्य किया। अपने दो सरपंच कार्यकालों के दौरान उन्होंने गांव के विकास को नई दिशा दी। इसके अलावा पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन पद पर रहते हुए उन्होंने न केवल अपने गांव बल्कि आसपास के गांवों में भी विकास कार्यों को गति दी। उन्होंने कहा कि मनुष्य का इस संसार में आना और जाना प्रकृति का नियम है, लेकिन आज इतनी बड़ी संख्या में लोगों का स्वर्गीय भोलाराम को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने अपने जीवनकाल में लोगों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए 15 तक जमा करवाएं आवेदन

**चरखी दादरी।** केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के तहत प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए निर्धारित शर्तें और मापदंड पूरे करने वाले 15 नवंबर तक अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

### अखिल भारतीय किसान सभा ने खाद को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बवानीखेड़ा।** अखिल भारतीय किसान सभा बवानी खेडा ने खाद को लेकर गाँव बलियाली के सेल पोवाईट सोसाइटी पर काफी दिनों से आ रही डीएपी खाद की किल्लत को लेकर हफेडप्रबन्धक बवानी खेड़ा के माध्यम से कृषि उपर्निदेशक अधिकारी भिवानी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया की इस सीजन के दौरान दो बार ही बलियाली गाँव के सोसाईटी सेल पौवाईंट पर डीएपी खाद आई है। विदित है कि 9 नवम्बर को 384 बैंग डीएपी के आये जोकि 4 बैग प्रति किसान के हिसाब से 96 किसानो को ही मिल पाये है।

### बच्चों ने मोबाइल के प्रति दिया जागरूकता संदेश

**भिवानी।** लिटिल हार्ट्स कॉन्वेंट स्कूल में आज यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता व आत्मविश्वास का शानदार परिचय दिया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों ने मोबाईल फोन के उपयोग से होने वाले फायदे व नुकसान को बताया।

### गाड़ी छिनने के मामले में तीन आरोपी किए काबू

**भिवानी।** मारपीट व स्नैचिंग जैसी वारदात करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है जो इसी क्रम में थाना शहर पुलिस भिवानी ने मारपीट करके गाड़ी छिनने के मामले में तीन आरोपियों को पकड़ा। नवीन ने शिकायत में बताया कि 22 मई की रात को तोशाम बाईपास पर उन्हें तीन अनजान लड़के मिले थे, जिन्होंने शिकायतकर्ता को उन्हें बस अड्डा पर छोड़ने की बात कही जो रास्ते में आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।

*जोधपुर–बीकानेर शैक्षणिक भ्रमण बना अनुभव, संस्कृति और शिक्षा का संगम*

# बीआरसीएम ज्ञानकुंज विद्यार्थियों ने राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहरों से लिया अनमोल ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

बीआरसीएम ज्ञानकुंज विद्यालय, बहल के विद्यार्थियों ने एक ऐसी शैक्षणिक यात्रा पूर्ण की, जो केवल पर्यटन नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और संस्कृति का जीवंत संगम बन गई। विद्यालय की सीनियर विंग के 45 विद्यार्थियों ने 7 से 9 नवम्बर 2025 तक राजस्थान के गौरवशाली नगरों — जोधपुर और बीकानेर की यात्रा कर इतिहास, स्थापत्य कला और लोकसंस्कृति से गहराई से परिचय प्राप्त किया। इस भ्रमण का संचालन विद्यालय के शिक्षक जोगेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, रेणु गाढ़ा और बाला देवी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। यात्रा को हरी झंडी विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश कुमार झाझड़िया ने दिखाते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, सहयोग और सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया तथा यात्रा के शैक्षणिक उद्देश्य से अवगत कराया।



बहल। राजस्थान की धरोहर की जानकारी लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राजस्थान भ्रमण का अनुभव किया सांझा

भ्रमण का पहला पड़ाव रहा जोधपुर, जिसे स्थापत्य वैभव और नीले घरों की अनोखी छटा के कारण "ब्लू सिटी" कहा जाता है। विद्यार्थियों ने यहाँ की ऐतिहासिक विरासत को केवल देखा नहीं, बल्कि अनुभव किया और आत्मसात किया। उन्होंने मेहरानगढ़ किला, जसवंत थड़ा, उमैद भवन पैलेस और क्लॉक टॉवर मार्केट का भ्रमण किया। पारंपरिक हस्तशिल्प, आभूषण और लोकवस्त्रों की रंगीन झलक ने उन्हें राजस्थान की सांस्कृतिक आत्मा से परिचित कराया। मंडोर गार्डन की ऐतिहासिक सुंदरता और हरियाली ने उन्हें आकर्षित किया, वहीं शाम के समय आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुति ने वातावरण को उल्लास से भर दिया। कायलाना झील के तट पर विद्यार्थियों ने नौका विहार और ज़िपलाइनिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया। डूबते सूरज की सुनहरी किरणों के बीच झील की लहरों पर झिलमिलाती रोशनी ने सभी के मन को छू लिया। रात्रि में आयोजित राजस्थानी लोक संगीत, घूमर नृत्य और कठपुतली कला के प्रदर्शन ने विद्यार्थियों को राजस्थान की लोकसंस्कृति से गहराई से जोड़ दिया।भ्रमण का दूसरा अध्याय विद्यार्थियों को बीकानेर — "रेत के शहर" — तक ले गया, जहाँ इतिहास, भक्ति और स्थापत्य कला का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### जितनी संस्कृति रंगीन उसका सवाद उतनी ही मनभावन

राजस्थान की संस्कृति जितनी रंगीन है, उसका स्वाद उतना ही मनभावन। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने दाल–बाटी–चूरमा, गट्टे की सब्ज़ी, मिर्ची बड़ा, कचौरी, रबड़ी, मालपुए और माखनिया लस्सी का आनंद लिया, वहीं बीकानेर की प्रसिद्ध भुजिया ने इस यात्रा को "स्वाद और परंपरा" दोनों की यादों से भर दिया। इस दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण ने विद्यार्थियों के भीतर नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के गुणों को और सशक्त किया। उन्होंने इतिहास, स्थापत्य, पर्यावरण और संस्कृति के विविध आयामों को नजदीक से देखा और समझा कि "असली शिक्षा वही है, जो जीवन से जुड़कर अनुभवों का हिस्सा बन जाए।" विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश कुमार झाझड़िया और उप-प्राचार्या श्रीमती सरस्वती दीक्षित ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय सीमाओं से आगे ले जाकर उन्हें जीवन, समाज और संस्कृति से जोड़ते हैं। यह अनुभव उनके व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को नई दिशा प्रदान करते हैं।बीआरसीएम ज्ञानकुंज विद्यालय का यह जोधपुर–बीकानेर शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि "जीवन का अनुभव, संस्कृति की परंपरा और शिक्षा की नई दिशा" सिद्ध हुआ।

## पुलिस ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, न्यायालय, होटल व धर्मशाला में की चेकिंग

# दिल्ली कार बम विस्फोट के बाद दादरी पुलिस हुई अलर्ट

सार्वजनिक स्थानों पर सघन जांच व सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

दिल्ली में हुए कार विस्फोट की घटना के बाद दादरी पुलिस रात्रि से अलर्ट मोड पर है। जिला पुलिस ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, न्यायालय, होटल, धर्मशाला और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी। जिले में सभी पुलिस नाके अलर्ट मोड पर हैं। जिले में प्रवेश करने और बाहर जाने वाले लोगों तथा वाहनों की गहनता से चैकिंग की जा रही है।

सिटी थाना के उपनिरीक्षक राजकुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम, कमांडो डॉग स्कवायड ने प्रमुख संवेदनशील स्थलों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल, कोर्ट परिसर व अन्य स्थानों पर बैरीकेडिंग, वाहन जांच और संदिग्ध वस्तुओं की चैकिंग की। इसके साथ ही शहर के सभी होटलों, ढाबों, धर्मशालाओं को चैक अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के निर्देश पर बसों व ट्रेनों के प्रवेश और निकास मार्गों पर भी तलाशी ली गई। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने बताया कि फिलहाल किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि का कोई पुष्ट प्रमाण नहीं मिला है, लेकिन पूर्णरुप से सतर्कता बरती जा रही है। कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और वादी-पक्ष व आगंतुकों को आवश्यक पहचान पत्र साथ रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस द्वारा बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार सीसीटीवी निगरानी की जा रही है और किसी भी संदिग्ध सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोग घबराएं नहीं, बल्कि सतर्क रहें और पुलिस के निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति का अंदेशा होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहने उस पर काबू पाया जा सकें।



चरखी दादरी। वाहन की जांच करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। दिल्ली बम हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते एनएसयूआई के कार्यकर्ता।

### दिल्ली बम हादसे में मारे गए नागरिकों को एनएसयूआई ने दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला क्षेत्र के पास सोमवार शाम हुए दर्दनाक विस्फोट में कई निर्दोष नागरिकों की मौत और अनेक के घायल होने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। हादसे के बाद एनएसयूआई भिवानी इकाई ने शोक व्यक्त कर शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और केंद्र सरकार से तत्काल, निष्पक्ष जांच व जवाबदेही तय करने की मांग की है। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष मंजीत लंगायन ने कहा कि ये विस्फोट सिर्फ आतंकी हमला नहीं, बल्कि सरकार की सुरक्षा नीति, खुफिया तंत्र और नागरिक-सुरक्षा के भरोसे की भी विफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा-शासित केंद्र और राज्य सरकारें जनता की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करने में असफल रही हैं। जब देश की राजधानी में एक वाहन लालबत्ती पर रुका और विस्फोट हुआ तो ये केवल सुरक्षा चूक नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की नाकामी है। घटना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि खुफिया तंत्र, पुलिस व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा नीति में बड़ा अंतराल और असंतुलन पैदा हो चुका है। एनएसयूआई ने मांग उठाई कि विस्फोट की निष्पक्ष, पारदर्शी और सार्वजनिक जांच की जाए तथा दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए। वहीं सुरक्षा-प्रबंधन, खुफिया एजेंसियों और पुलिस-प्रशासन के तंत्र का पुनर्मूल्यांकन किया जाए, विशेषकर राजधानी और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भाजपा-शासित सरकारें ये स्पष्ट करें कि उनका विकास एजेंडा केवल बड़े प्रोजेक्ट्स तक सीमित नहीं बल्कि नागरिक सुरक्षा और युवाओं के भरोसे को भी शामिल करता हैं। इस अवसर पर नरेंद्र सरोहा, सविता, प्रिया मलिक, वर्षा, संजना, ऋतु, रवि, हरिदास, मोहित, कविता, सुमन व ममता आदि मौजूद रहे।

## अवनी ने राज्य स्तरीय शतरंज में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा स्टेट स्कूली गेम्स की विजेता लोहानी गांव की 11 वर्षीय अवनी तंवर का नेशनल स्कूली खेलों में चयन हुआ हैं। अवनी तंवर शिवम स्कूल की छात्रा हैं। हाल ही में रोहतक में गत 7 से 9 नवंबर तक आयोजित हरियाणा स्टेट स्कूल गेम्स की विजेता शिवम स्कूल लोहानी की 11 वर्षीय अवनी तंवर का नेशनल स्कूली खेलों के लिए चयन हुआ है। हरियाणा स्टेट स्कूल गेम्स 2025 में शतरंज खिलाड़ी अवनी तंवर ने पांच मैच में शानदार प्रदर्शन करके सारे मुकाबले जीते, जिससे उसे विजेता घोषित किया गया। अवनी तंवर का चयन नेशनल स्कूली खेलों के लिए किया गया है। लोहानी की बेटी अवनी तंवर की शानदार जीत पर उसे सम्मानित किया और आगे भी इसी तरह से जीत हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। अवनी ने इस जीत का श्रेय अपने कोच योगेश सोलंकी व अपने विद्यालय शिवम स्कूल लोहानी को दिया, जिन्होंने सफलता हासिल करने के लिए पूरा सहयोग किया। इस शानदार प्रदर्शन पर शिवम स्कूल लोहानी के निदेशक निशांत तंवर, प्राचार्य संजय भारद्वाज सहित पूरे स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



### हलवासिया विद्या विहार बना ओवरऑल चैंपियन

**भिवानी।** हरियाणा एयर स्क्वाड्रन एनसीसी हिसार , रोहतक ग्रुप चंडीगढ़ निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में ए.एन.ओ. तृतीय ऑफिसर सव्य सचिन भारद्वाज के नेतृत्व में श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल, सिवानी में 29 अक्टूबर से 7 नवंबर 2025 तक आयोजित 10 दिवसीय ए.टी.सी. - 168 शिविर में भाग लेकर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। यह शिविर कैंप कमांडेंट ग्रुप कैप्टन एस. श्रीनिवासन के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर में कुल 11 विद्यालयों तथा तीन महाविद्यालयों के लगभग 350 कैडेट्स ने भाग लिया।

**नव्या व निधि पाराशर ने मारी बाजी**

डक्लामेशन में नव्या ने प्रथम स्थान, सोलो सॉन्ग जे डब्ल्यू में निधि पराशर ने प्रथम स्थान, सोलो सॉन्ग में जे डी यश ग्रेवाल ने द्वितीय स्थान , सोलो डांस में जे डी नैतिक तंवर ने प्रथम स्थान, ग्रुप सॉन्ग में प्रथम स्थान, ग्रुप डांस में द्वितीय स्थान, वॉलीबॉल जे डी में प्रथम स्थान, थ्रो बॉल जे डब्ल्यू में प्रथम स्थान, रेंज फायरिंग जे डी में यश ग्रेवाल ने द्वितीय स्थान, रेंज फायरिंग जे डब्ल्यू में खुशी ने द्वितीय स्थान, 200 मीटर जे डी में शुभम रोहिला ने प्रथम स्थान, 200 मीटर जे डब्ल्यू में मन्नत सैनी ने प्रथम स्थान ,100 मीटर जे डब्ल्यू में मन्नत सैनी ने द्वितीय स्थान, 4 ×100 मीटर रिले रेस जे डब्ल्यू में कैडेट्स मन्नत सैनी, हिमांशी तंवर, निधि पराशर व वंशिका ने प्रथम स्थान व ड्रिल स्क्वेयर टेस्ट में कैडेट्स ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

## जबरन वसूली के आरोप में दो सूदखोर काबू, पुलिस ने परनोट, चैक व खाता रजिस्टर किए बरामद

- दोनों को एक दिन के रिमांड के बाद न्यायालय ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के निर्देशानुसार पुलिस ने इन दिनों इलाके में आम जनता को अधिक ब्याज पर रुपये देकर उनसे जबरन वसूली करने वाले सूदखोरों के विरुद्ध अभियान चला रखा है। अभियान की कड़ी में पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो सूदखोरों को गिरफ्तार किया तथा उनसे परनोट, चैक और खाता रजिस्टर बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को एक दिन के रिमांड के मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायालय ने दोनों आरोपियों को जेल भेजने के आदेश दे दिए। जानकारी के अनुसार गांव सोहांसरा निवासी राजेश ने तीन दिन पहले लोहारू पुलिस थाने में शिकायत देते हुए सतनाली निवासी दो लोगों पर धमकी देकर अधिक ब्याज वसूलने और बार बार प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। उसने बताया कि अक्तूबर 2018 में एक आरोपी से पांच लाख रुपये की राशि उधार ली थी तथा बदले में पीएनबी के खाली चैक, खाली परनोट पर हस्ताक्षर करवाए थे। शिकायतकर्ता राजेश ने बताया कि उसने उधार ली हुई पूरी राशि लौटा दी, लेकिन उसके बाद भी वे अधिक ब्याज के नाम पर वसूली करते रहे और झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देकर परेशान करते रहे।

**लोहारू में चल रहा सूदखोंरों का धंधा**

पुलिस प्रशासन इन दिनों सूदखोरों के खिलाफ सख्त दिखाई दे रही है। वहीं लोहारू शहर में ऐसे सूदखोरों की जड़े काफी गहरी बताई जा रही है। सूदखोरों की कथित दबंगई के कारण कई पीड़ित अपनी आवाज भी नहीं उठा पाते। कई लोगों का कहना है कि लोहारू में भी अधिक ब्याज वसूली का धंधा जोरों पर है, जिसमें गरीब तबके के लोग काफी शिकार है, वे इसके खिलाफ आवाज उठाने में सक्षम नहीं है। वहीं लोगों का कहना हैं कि पुलिस प्रशासन को शहर में सूदखोरों के खिलाफ अभियान चलाना चाहिए।

## सरकार ने हठ्धर्मिता नहीं छोड़ी तो किसानों का रोष भारी पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

बकाया मुआवजे में गोलमाल तो कभी समय पर खाद बीज व ट्यूबवैल जारी न करने वाली सरकार अब किसानों की फसल खरीद में केवल दिखावा कर रही है जिसे किसी सूरत में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।बाढड़ा की भूमि ने पहले भी किसान मजदूर के हकों के लिए कई कुर्बानी दी हैं और भविष्य में भी सरकार ने हठ्धर्मिता नहीं छोड़ी तो सरकार से सीधी टक्कर लेकर किसी भी बड़े बलिदान से पीछे नहीं हटेंगे। रबी व खरीफ सीजन की फसलों के बीमा मुआवजे की जांच व भरपाई के लिए किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे।

**किसान हो रहा परेशान**

श्योराण खाप अध्यक्ष बिजेंद्र बेरला ने कहा कि उन्होंने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बाढड़ा बिजली कार्यालय परिसर में चल रहे धरने पर मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए कही। किसान नेता ब्रह्मपाल बाढड़ा व बलबीर ताखर गोपही की अध्यक्षता में संचालित धरने को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसान व कृषि व्यवस्था को कमजोर कारपोरेट घरानों को बढ़ावा दे रही है जो हमारी पीढ़ी के लिए न्यायसंगत नहीं है। आज किसान को डीएपी व यूरिया के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है वहीं करोड़ों रुपयों की राशी जमा करवाने के बावजूद उनके ट्यूबवैलों को कनैक्शन नहीं मिल रहा है। बकाया मुआवजे को लेकर क्षेत्र के किसान पिछले 117 दिनों से धरनारत हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार उनकी मांग सुनने की बजाए अनदेखी कर रही है।

## श्रुति चौधरी ने मांगों को समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

आईसीडीएस सुपरवाइजर वेलफेयर एसोसिएशन के शिष्टमंडल द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रुति चौधरी से मंगलवार को मुलाकात करके 9 सूत्रीय मांग पत्र पर बातचीत की गई। इससे पहले भी एसोसिएशन लगातार अपनी मांगों के संदर्भ में आंदोलन कर रही थी। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी से मुलाकात करने के पश्चात मंत्री श्रुति चौधरी ने उनकी मांगों पर विचार करके उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि सुपरवाइजर संगठन की बहुत सी मांगे पिछले काफी समय से लंबित है सुपरवाइजर का कहना था कि जिन दो सुपरवाइजर की पदोन्नति सूची जो विभाग द्वारा रोकी गई है वह सूची तुरंत प्रभाव से जारी की जाए।



तोशाम। मांगों को लेकर मंत्री को मांगपत्र सौंपते हुए।

**आईसीडीएस एसोसिएसन ने ये रखी मांगें**

एसएनपी सप्लाई आज के समय में सुपरवाइजर द्वारा ट्रैकों में बैठकर करवाना बेहद सुरक्षित एवं दुष्कर है यह पूर्णतया सप्लायर की जिम्मेदारी से करवाई जाए। मेवात में कार्यरत सुपरवाइजर को अध्यापकों की तर्ज पर 10000 रुपए प्रतिमा मेवात भता दिया जाए, सैकड़ो सुपरवाइजर जो घर से 10 साल से भी अधिक समय से बाहर हैं उनका ट्रांसफर जल्द से जल्द किया जाए। जिला तथा ब्लॉक स्तर पर सुपरवाइजर से उसकी पोस्ट से अतिरिक्त कार्य ने करवाया जाए बहुत से ब्लॉक में सुपरवाइजर को प्रतिदिन 2 से 5 बजे तक ऑफिस आने के आदेश दिए जाते हैं जो कि न्यायसंगत नहीं है। कर्मी तथा हेल्पर के खाली पद जल्द भरे जाएं क्योंकि ऑनलाइन काम बहुत ज्यादा है वहीं नई सुपरवाइजर की इंक्रीमेंट लगाने में काफी जिलों के अलग-अलग ब्लॉक में टालमटोल की जा रही है अतः नियमानुसार जल्द से जल्द इंक्रीमेंट लगाई जाए।



### आधुनिक खेती से ही देश बन सकता है आत्मनिर्भर

**भिवानी।** जिला के गांव मानहेरू में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन सुनील शेखावत और संदीप परमार ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान मानहेरू गांव के ग्रामीणों ने अपने जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक का फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार और भावपूर्ण स्वागत किया। ग्रामीणों का यह उत्साह और प्रेम भाजपा के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाता है। जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने ग्रामीणों द्वारा दिए गए इस सम्मान के लिए उनका आभार व्यक्त किया और गांव के लोगों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने देश को आर्थिक रूप से मजबूत और निर्भर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेती और लघु उद्योग से भारत देश आत्मनिर्भर बन सकता है, ऐसे में लोगों को इस तरफ विशेष ध्यान देने की है जरूरत।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में पंचम वार्षिक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# 100 में काजल, 200 मीटर में प्रिया व 800 मीटर में सुष्मिता ने मारी बाजी

खेलों से महिलाओं का होता है शारीरिक, मानसिक, सामाजिक विकास: दीपिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

राजकीय कन्या महाविद्यालय कैरु में प्राचार्या प्रोफेसर दीपिका की अगुवाई में पंचम वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राजीव गांधी महिला महाविद्यालय भिवानी से सेवानिवृत्ति प्राचार्या मंजू गौतम ने शिरकत की।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर दीपिका व सेवानिवृत प्राचार्य मंजू गौतम ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए खेलों के वर्तमान महत्व एवं आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि खेलों से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक विकास ही नहीं होता ,अपितु वर्तमान दूषित आबो- हवा व महामारी के दौर में हमारे शरीर को रोगों से लड़ने की ताकत भी प्रदान करता है। इसके बाद विभिन्न प्रकार के खेल इवेंटों का शुभारंभ किया गया, जिसमें महाविद्यालय की अधिकांश छात्राओं ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। 200 मीटर दौड़ इवेंट में कक्षा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, तो बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अर्चना द्वितीय स्थान पर रही।



तोशाम। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए।

**खेल-कूद से आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना भी विकसित होती है**

समापन सत्र के वशिष्ठ अतिथि के रूप में लोहारू तहसील के उपमंडल अधिकारी मनोज दलाल ने अपने अनुभवों को साझा किया व छात्राओं को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना भी विकसित होती है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करें। एथलीट मीट के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में 'खेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ' के प्रभारी प्रोफेसर यशपाल वत्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की अधिकांश छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए इस अवसर पर मनोज कुमार,डॉ संदीप , संजय,सुमित, विजय, राजकुमार, जया, सोनू, शालू आदि प्रोफेसर व पूजा, मोहित, मनदीप, सतवीर, सुरेंद्र, रोहतास, आदि अन्य महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।